प्रमुख घटना और उपलब्धि

(जनवरी 2021)

1. **फ्लैगशिप कार्यक्रम की प्रगति:**

   1.1 लगभग 1,04,000 आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्रों (एचडब्ल्यूसी) को अनुमोदन प्रदान किया गया है। एचडब्ल्यूसी पोर्टल पर राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार इनमें से वित्त वर्ष 2020-21 के 70,000 के लक्ष्य की तुलना में दिनांक 22/01/2021 तक 56,747 स्वास्थ्य एवं आरोग्य केंद्र परिचालित हो चुके है।

2. **कोविड- 19 वैक्सीन की शुरूआत:**

   2.1 डॉ. वी.के. पॉल, सदस्य (स्वास्थ्य), नीति आयोग की अध्यक्षता और मेरी सह-अध्यक्षता में जनवरी, 2021 (09 एवं 21 जनवरी) में राष्ट्रीय कोविड- 19 टीकाकरण विशेषज्ञ समूह (एनईजीवीएसी) की 2 बैठकों का आयोजन किया गया।

   2.2 13 देशों (बांग्लादेश, बहरीन, ब्राजील, भूटान, मालदीव, मंगोलिया, म्यांमार, मॉरिशस, मोरक्को, ओमान, नेपाल, सेशेल्ज़ और श्रीलंका) में कोविड- 19 वैक्सीन की शरूआत के लिए दिनांक 19 और 20 जनवरी 2021 को 2 स्लॉट में प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

   2.3 कोविड- 19 टीकाकरण के लिए को-विन (कोविड पर विजय)- कोविड- 19 टीकाकरण के लिए डिजिटल प्लेटफार्म का विकास किया गया है और यह सक्रिय रूप से कार्यशील है जो टीकाकरण संबंधी क्रियाकलापों में सहयोग प्रदान करता है, वैक्सीन के उपलब्ध स्टॉक, उनके भंडारण तापमान, वास्ताविक टीकाकरण प्रक्रिया, डिजिटल सर्टिफिकेट्स का सृजन आदि के संबंध में रियल टाईम सूचना के साथ कोविड- 19 टीकाकरण हेतु प्रत्येक लाभार्थी के पंजीकरण और ट्रेकिंग में कार्यक्रम प्रबंधकों को सहयता प्रदान करता है।

   2.4 माननीय प्रधानमंत्री ने दिनांक 16/01/2021 को विडियों कॉन्फ्रेंस के जरिए कोविड- 19 टीकाकरण अभियान की शुरूआत की जो विश्व का सबसे बड़ा टीकाकरण अभियान है और संपूर्ण देश को कवर करता है। दिनांक 27/01/2021 को सांय 6:00 बजे तक 41,599 सत्रों के जरिए कुल 23,28,779 लाभार्थियों को टीके लगाए गए।

3. **विधायी और विनियामक उपाय:**

   3.1 हितधारकों की टिप्पणियां/ विचार आमत्रिंत करने के लिए सिगरेट और अन्य तबांकू उत्पाद (विज्ञापन पर प्रतिबंध तथा व्यापार एवं वाणिज्य, उत्पादन, आपूर्ति तथा वितरण का विनियमन) संशोधन विधेयक 2020 के मसौदे को पब्लिक डोमेन पर प्रस्तुत किया गया।

   3.2 डीपीसीओ के अंतर्गत रक्त एवं रक्त घटकों के प्रसंस्करण संबंधी प्रभारों को निगमित करने हेतु औषधी मूल्य नियंत्रण आदेश, 2013 का संशोधन राष्ट्रीय भेषज मूल्य निर्धारण प्राधिकरण (एनपीपीए) के पास लंबित है।

4. **विविध:**

   4.1 वर्ष 2015-16 से मंत्रालय लगभग 3 वर्षों की अवधि वाला एक एकीकृत सर्वेक्षण कर रहा है। यह सर्वेक्षण 707 से अधिक परिवारों के 6.09 लाख आकलित नमूनों पर किया जा रहा है। एनएफएचएस-5 के अंतर्गत परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, प्रजनन, कई संचारी और गैर- संचारी रोगों आदि पर महत्वपूर्ण सूचानाए एकत्रित की जा रही है।

   4.2 एचएमआईएस के बारे में दिनांक 18/01/2021 को भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद- राष्ट्रीय चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, राष्ट्रीय डेटा गुणवत्ता फोरम (एनडीक्यूएफ) की टीमों के लिए एक ओरिएंटशेन सत्र का आयोजन किया गया है। एचएमआईएस 1.0 का संक्षिप्त परिचय प्रस्तुत किया गया

जिसमें विभिन्न मॉडल्स, डेटा संग्रहण की प्रक्रिया और वैधता जांच का ब्यौरा शामिल है। एनडीक्यूएफ टीम को भी एचएमआईएस 2.0 भी संक्षिप्त ब्यौरा दिया गया जिसमें विभिन्न रिपोर्टिंग प्रारूपों वैधता नियमों, विश्लेषणात्मक सामाग्रियों और डैशबोर्ड पर प्रकाश डाला गया।

4.3 राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं दृष्टिबाधिता नियंत्रण कार्यक्रम (एनपीसीबीवीआई) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में 1976 से कार्यान्वयन के अंतर्गत एक केंद्रीय प्रायोजित योजना है जिसका उद्देश्य वर्ष 2020 तक दृष्टिहीनता की व्यापतता को 0.3% तक कम करना है। एनपीसीबीवीआई के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय एनपीसीबीवीआई दृष्टिहीनता एवं दृष्टिबाधिता सर्वेक्षम (2015-19) के निष्कर्ष के अनुसार दृष्टिहीनता (दृष्टि एक्यूटी<3/60) की व्यापतता 0.68% (2007) से घटकर 0.36% (2019) हो गई है।

4.4 "रेड रिबन क्विज़ प्रतियोगिता का ग्रेंड फिनाले" नाको द्वारा 12/01/2021 को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित किया गया। डॉ. हर्षवर्धन, माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री इस ग्रेंड फिनाले के मुख्य अतिथि और श्री अश्विनी कुमार चौबे, माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री विशिष्ट अतिथि थे। इस क्विज प्रतियोगिता का उद्देश्य एचआईवी/ एड्स और संबंधित मामलों पर युवाओं में जागरूकता का सृजन करना था। "रेड रिबन क्रास प्रतियोगिता" पूरे देश में संचालित की गई। यह समारोह ऑनलाईन मंच के माध्यम से आयोजित किया गया और इसे विभिन्न सामाजिक मिडिया मंचों पर लाइव प्रसारित किया गया।

4.5 दिनांक 19 जवरी, 2021 को वैल्यू इन हेल्थ केयर मीटिंग फॉर हेल्थ मिनिस्टर्स एडं सीईओज नामक एक वर्चुअल राउंड टेबल वार्ता का साऊदी अरेबिया के स्वास्थ्य मंत्रालय और विश्व आर्थिक फोरम द्वारा आयोजन किया गया जिसमें माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने भाग लिया।

4.6 दिनांक 26-27 जनवरी, 2021 को इटालियन जी20 प्रेसिडेंसी के अंतर्गत स्वास्थ्य कार्यकारी समूह (एचडब्ल्यूजी) की पहली वर्चुअल बैठक आयोजित की गई जिसमें वर्चुअल रूप से भाग लिया गया।

****